INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6th- 3rd Lang.	Department: Hindi	Date:
Worksheet No: 6	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

निर्देश:- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए|

अलादीन अपनी माँ के साथ चीन के एक छोटे से गाँव में रहता था। वह बहुत गरीब था। एक दिन घर में खाने के लिए कुछ नहीं था। अलादीन ने सोचा कि अगर उसे कोई खज़ाना मिल जाए तो उसकी गरीबी दूर हो सकती है।

एक दिन उसे रास्ते में एक पुराना चिराग मिला। वह धूल से भरा हुआ था। अलादीन ने सोचा कि अगर वह इसे साफ करके बेच देगा तो उसे कुछ पैसे मिल जाएँगे। उसने एक कपड़े से चिराग को रगड़ना शुरू किया। तभी अचानक उसमें से धुएँ का एक बड़ा बादल निकला और एक विशाल जिन्न उसके सामने आ गया।

जिन्न ने कहा, "मेरे आका! मैं इस चिराग का सेवक हूँ। मैं आपकी हर इच्छा पूरी कर सकता हूँ। बताइए, आपको क्या चाहिए?"

इतने बड़े जिन्न को देखकर अलादीन डर गया। लेकिन उसने हिम्मत करके कहा, "मैं बहुत भूखा हूँ। कृपया मेरे लिए कुछ खाने को लाओ।"

जिन्न ने तुरंत एक चाँदी की थाली प्रकट की। उसमें कई प्रकार के स्वादिष्ट पकवान और मिठाइयाँ थीं। अलादीन बहुत खुश हुआ। वह थाली लेकर अपनी माँ के पास गया। अलादीन और उसकी माँ ने मिलकर स्वादिष्ट भोजन किया।

प्रश्न 1. अलादीन अपनी माँ के साथ कहाँ रहता था?

(क) भारत में (ख) चीन के एक गाँव में

(ग) जापान में (घ) दिल्ली में

प्रश्न 2. अलादीन और उसकी माँ की आर्थिक स्थिति कैसी थी?

(क) बहुत अच्छी (ख) वे अमीर थे

(ग) बहुत गरीब (घ) साधारण

प्रश्न 3. अलादीन को रास्ते में क्या मिला?

(क) सोने का सिक्का (ख) पुराना चिराग

(ग) चाँदी की थाली (घ) एक खिलौना

प्रश्न 4. अलादीन ने चिराग किससे रगड़ा?

(क) राख से (ख) मिट्टी से

(ग) कपड़े से (घ) पत्थर से

प्रश्न 5. चिराग से कौन बाहर आया?

(क) राजा (ख) जिन्न

(ग) सैनिक (घ) व्यापारी

प्रश्न 6. जिन्न ने अलादीन से क्या कहा?

(क) मैं तुम्हें डराने आया हूँ।

(ख) मैं तुम्हारा चिराग ले जाऊँगा।

(ग) मैं तुम्हारी हर इच्छा पूरी कर सकता हूँ।

(घ) तुम यहाँ से चले जाओ।

प्रश्न 7. अलादीन ने जिन्न से सबसे पहले क्या माँगा?

(क) सोना (ख) कपड़े (ग) खाना (घ) खिलौने

प्रश्न 8. जिन्न ने खाने के लिए पकवान किसमें लाकर दिए?

(क) मिट्टी के बर्तन में (ख) चाँदी की थाली में

(ग) लकड़ी की टोकरी में (घ) काँच की प्लेट में

उत्तर =

1. (ख) चीन के एक गाँव में
2. (ग) बहुत गरीब
3. (ख) पुराना चिराग
4. (ग) कपड़े से
5. (ख) जिन्न
6. (ग) मैं तुम्हारी हर इच्छा पूरी कर सकता हूँ।
7. (ग) खाना
8. (ख) चाँदी की थाली में

****